<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 02.11.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- इसरो ने श्रीहरिकोटा से देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 का किया सफल प्रक्षेपण, यह उपग्रह नौसेना संचार को मजबूत करने और सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने में करेगा मदद।
- राज्य के सहायक शिक्षक समान वेतन और स्थायीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत, धनबाद में हुई बैठक में शिक्षकों ने सरकार पर मांगों की अनदेखी का लगाया आरोप।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप, कहा अधिकारियों की संपत्ति की जांच कर उन्हें जेल भेजा जाए, ताकि राज्य में मिसाल कायम हो सके।
- बोकारो में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 11 लोग गिरफ्तार, एक हजार पांच सौ लीटर से अधिक शराब की गई जब्त।
- तृतीय राष्ट्रीय जूनियर सुपर स्पीड खो–खो प्रतियोगिता में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन कर रचा इतिहास, बालक टीम ने स्वर्ण और बालिका टीम ने जीता कांस्य पदक।

****

इसरो ने आज शाम श्रीहरिकोटा से भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03 (जीसैट–7आर) का प्रक्षेपण किया। इसे भारतीय प्रक्षेपण यान द्वारा भू–समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में पहुँचाया गया यह भारी रॉकेट शाम 5 बजकर 26 मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित हुआ। इस मिशन का उद्देश्य नौसेना संचार को बेहतर बनाना और सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। यह भारत के सबसे शक्तिशाली रॉकेट की पाँचवीं परिचालन उड़ान है। यह उपग्रह एक बहु–बैंड सैन्य संचार प्रणाली है।

****

नरेंद्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज हम आपको बता रहे हैं कि नई पीढी के जीएसटी सुधारों से आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिला है।

****

झारखंड के सहायक शिक्षक स्थायीकरण और समान वेतन की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं और आंदोलन को सफल बनाने के लिए पूरे राज्य में बैठकों का दौर जारी है। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में हुई बैठक में झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक चक्रवर्ती ने बताया कि धनबाद में लगभग 2 हजार 4 सौ 60 और पूरे राज्य में करीब 60 हजार सहायक शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार गंभीर नहीं है।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्ट अधिकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर लिखा कि मुख्यमंत्री के इशारे पर कुछ अफसर झूठे मुकदमे दर्ज कर रहे हैं और कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की संपत्ति की जांच कर उन्हें जेल भेजा जाए, ताकि राज्य में एक मिसाल कायम हो सके।

****

बोकारो में झारखंड एटीएस, बिहार मद्य निषेध विभाग और बोकारो पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चिराचास थाना क्षेत्र से अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। इस दौरान 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 1 हजार 5 सौ 63 लीटर शराब, 11 वाहन, पैकिंग मशीन और अन्य सामग्री जब्त की गई। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शराब को बिहार ले जाने की तैयारी में थे।

****

चाईबासा में भारी वाहनों की नो एंट्री को लेकर पिछले कई दिनों से कुछ संगठनों की मांग को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

तृतीय राष्ट्रीय जूनियर सुपर स्पीड खो–खो प्रतियोगिता में झारखंड की बालक टीम ने स्वर्ण और बालिका टीम ने कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा है।जयपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालक टीम ने फाइनल में गुजरात को 20–05 अंकों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया, जबकि बालिका टीम ने नई दिल्ली को 16–11 से मात दी। झारखंड संघ के अध्यक्ष डॉ. अजय झा सहित पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

****

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में झारखंड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी 510 रन पर घोषित की। शिखर मोहन ने 207 और कप्तान विराट सिंह ने 105 रनों की पारी खेली, जबकि रॉबिन ने मात्र 31 गेंदों में 75 रन बनाकर टीम की रनगति तेज की। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक नागालैंड ने बिना विकेट खोए 17 रन बनाए और अब भी 493 रन पीछे है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर राज्य में अब समाप्त हो गया है और अब ठंड बढ़ने की संभावना जताई गई है। पिछले तीन से चार दिनों तक हुई लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा, जबकि अब मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की बात कही है।

********समाप्त*********